This Question Paper Booklet contains **16** printed pages.

इस प्रश्न-पत्र पुस्तिका के अन्तर्गत **16** मुद्रित पृष्ठ हैं।

Roll No.
अनुक्रमांक

Code No.
कोड नं० **53/HIS/1**

Set/सेट A

BUSINESS STUDIES
व्यावसायिक अध्ययन
(319)

Day and Date of Examination .....
(परीक्षा का दिन व दिनांक)

Signature of Invigilators 1. .....
(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)

2. .....

General Instructions :

1. Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper Booklet.
2. Please check the Question Paper Booklet to verify that the total pages of the booklet and the total pages printed on the top of the first page tallies each other. Also check to see that the questions are in sequential order.
3. Making any identification mark in the answer-book or writing roll number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.
4. Write your Question Paper Booklet Code No. 53/HIS/1, Set [A] on the answer-book.
5. (a) The Question Paper Booklet is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :

   English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Oriya, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.

   You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the answer-book.

   (b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the question will be yours only.

सामान्य अनुदेश :

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र पुस्तिका के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2. कृपया जाँच कर लें कि प्रश्न-पत्र पुस्तिका की कुल पृष्ठ संख्या तथा प्रथम पृष्ठ के ऊपरी भाग पर छपे कुल पृष्ठ संख्या दोनों समान हैं। इस बात की भी जाँच कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।
3. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।
4. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र पुस्तिका की कोड संख्या 53/HIS/1, सेट [A] लिखें।
5. (क) प्रश्न-पत्र पुस्तिका केवल हिन्दी/अंग्रेजी में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :

   अंग्रेजी, हिन्दी, उर्दू, पंजाबी, बंगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगू, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिन्धी।

   कृपया उत्तर-पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।

   (ख) यदि आप हिन्दी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं तो प्रश्न को समझने में होने वाली त्रुटियों/गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।

Important Instructions

1. This Question Paper Booklet contains two Question Papers—one based on revised study material marked as **NEW SYLLABUS** and the other based on pre-revised study material marked as **OLD SYLLABUS**.
2. **NEW SYLLABUS** *is compulsory for those who have registered for 2015–16 (Block–I and Block–II) admission and Stream–II of 2016 admission. (Those who are appearing in September–November, 2016 under* **NEW SYLLABUS**.*)*
3. **OLD SYLLABUS** is compulsory for those candidates who had registered before 2015–16 (Block–I) admission.
4. Candidates are to answer only one Question Paper from the given two Question Papers.
5. Candidates are not allowed to mix questions from the two given Question Papers.

महत्त्वपूर्ण निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र पुस्तिका में दो प्रश्न-पत्र हैं—एक संशोधित अध्ययन सामग्री पर आधारित है जिस पर **नया पाठ्यक्रम** अंकित है तथा दूसरा संशोधन से पूर्व अध्ययन सामग्री पर आधारित है जिस पर **पुराना पाठ्यक्रम** अंकित है।
2. **नया पाठ्यक्रम** *उन परीक्षार्थियों के लिए अनिवार्य है जिनका नामांकन 2015–16 (ब्लॉक–I और ब्लॉक–II) तथा शाखा–II, 2016 में हुआ है। (उनके लिए जो सितम्बर–नवम्बर, 2016 में* **नए पाठ्यक्रम** *के अंतर्गत परीक्षा में बैठने जा रहे हैं।)*
3. **पुराना पाठ्यक्रम** उन परीक्षार्थियों के लिए अनिवार्य है जिनका नामांकन 2015–16 (ब्लॉक–I) के पहले हुआ है।
4. परीक्षार्थी दिए गए दो प्रश्न-पत्रों में से केवल एक प्रश्न-पत्र से ही उत्तर लिखें।
5. परीक्षार्थी को दो प्रश्न-पत्रों के प्रश्नों को मिलाकर उत्तर देने की अनुमति नहीं है।

NEW

This Question Paper contains **30** questions.
इस प्रश्न-पत्र के अन्तर्गत **30** प्रश्न हैं।

BUSINESS STUDIES
व्यावसायिक अध्ययन
(319)

Time : 3 Hours] [Maximum Marks : 100
समय : 3 घण्टे] [पूर्णांक : 100

Note : (i) Attempt *all* questions.
(ii) Marks allotted are indicated against each question.
(iii) Each question from Question Nos. **1** to **10** has four alternatives—(A), (B), (C) and (D), out of which one is most appropriate. Choose the correct answer among the four alternatives and write it in your answer-book against the number of the question. No extra time is allotted for attempting multiple-choice questions.

निर्देश : (i) **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
(ii) प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके अंक लिखे गए हैं।
(iii) प्रश्न संख्या **1** से **10** तक के प्रत्येक प्रश्न में चार विकल्प—(क), (ख), (ग) तथा (घ) हैं, जिनमें से एक उपयुक्त है। चारों विकल्पों में से सही उत्तर चुनें तथा अपनी उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न संख्या के सामने उत्तर लिखें। बहु-विकल्पी प्रश्नों के लिए अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा।

1. Production manager is included in
(A) lower-level management
(B) workers
(C) middle-level management
(D) top-level management 1

उत्पादन प्रबंधक सम्मिलित होता है
(क) निम्न-स्तरीय प्रबंध में
(ख) कामगारों में
(ग) मध्य-स्तरीय प्रबंध में
(घ) शीर्ष-स्तरीय प्रबंध में

2. Method study is

(A) a general principle of management

(B) a principle of scientific management

(C) a principle of organization

(D) a technique of scientific management 1

विधि अध्ययन है

(क) प्रबंध का एक सामान्य सिद्धान्त

(ख) वैज्ञानिक प्रबंध का एक सिद्धान्त

(ग) संगठन का एक सिद्धान्त

(घ) वैज्ञानिक प्रबंध की एक तकनीक

3. Which of the following is *not* a feature of planning? 1

(A) Delay in actions

(B) Goal directed

(C) Continuous process

(D) Primary function

निम्न में से कौन-सी नियोजन की प्रकृति **नहीं** है?

(क) कार्यवाही में देरी

(ख) उद्देश्योन्मुख

(ग) निरन्तर प्रक्रिया

(घ) प्राथमिक कार्य

4. Which of the following is the essence of management? 1

(A) Planning

(B) Coordination

(C) Staffing

(D) Controlling

निम्न में से कौन-सा प्रबंध का सार है?

(क) नियोजन

(ख) समन्वय

(ग) नियुक्तिकरण

(घ) नियन्त्रण

5. In long-term finance, the period of repayment is

(A) more than five years

(B) less than one year

(C) one year to five years

(D) less than six months 1

दीर्घ-अवधि वित्त में वापसी की अवधि होती है

(क) पाँच वर्षों से अधिक

(ख) एक वर्ष से कम

(ग) एक वर्ष से पाँच वर्ष तक

(घ) छः मास से कम

6. Fixed capital is required for meeting

(A) short-term financial needs

(B) working capital requirements

(C) long-term financial needs

(D) fluctuating working capital requirements 1

स्थायी पूँजी की आवश्यकता जिसकी पूर्ति के लिए होती है, वह है

(क) लघु-अवधि वित्तीय आवश्यकता

(ख) कार्यशील पूँजी की आवश्यकता

(ग) दीर्घ-अवधि वित्तीय आवश्यकता

(घ) परिवर्तनशील कार्यकारी पूँजी की आवश्यकता

7. One who actually uses the product is called

(A) customer

(B) buyer

(C) marketer

(D) consumer 1

वास्तविक रूप में उत्पाद का उपयोग करने वाले को कहते हैं

(क) ग्राहक

(ख) क्रेता

(ग) विपणनकर्ता

(घ) उपभोक्ता

8. Which of the following is *not* an element of marketing mix? 1

(A) Product

(B) Process

(C) Price

(D) Promotion

निम्नलिखित में से कौन-सा विपणन मिश्र का तत्त्व **नहीं** है?

(क) उत्पाद

(ख) प्रक्रिया

(ग) मूल्य

(घ) प्रवर्तन

9. 'Haat' belongs to which category of retailing business? 1

(A) Itinerant retailing

(B) Small-scale fixed shop retailing

(C) Large-scale fixed shop retailing

(D) All of the above

'हाट' किस वर्ग के फुटकर व्यापार का हिस्सा है?

(क) चलता-फिरता फुटकर व्यापार

(ख) छोटे पैमाने का स्थायी दुकान फुटकर व्यापार

(ग) बड़े पैमाने का स्थायी दुकान फुटकर व्यापार

(घ) उपर्युक्त सभी

10. Sudha wants to file complaint for claiming compensation of ₹ 45 lakhs for handing over a defective flat by her builder. In which forum, she can file the complaint? 1

(A) District Forum

(B) State Commission

(C) National Commission

(D) Supreme Court of India

सुधा अपने बिल्डर के विरुद्ध ₹ 45 लाख की क्षतिपूर्ति के दावे की शिकायत दोषपूर्ण फ्लैट देने के लिए करना चाहती है। वह किस फोरम में शिकायत कर सकती है?

(क) जिला फोरम

(ख) राज्य आयोग

(ग) राष्ट्रीय आयोग

(घ) भारतीय सर्वोच्च न्यायालय

11. "An occupation that satisfies certain requirements is called a profession." State any *three* requirements that management satisfies to be called a profession. 3

''कोई धन्धा जो कुछ आवश्यकताओं को पूरा करता है पेशा कहलाता है।'' ऐसी किन्हीं **तीन** आवश्यकताओं का उल्लेख कीजिए जो प्रबंध को एक पेशा बनाती है।

12. "Decentralization is not same as delegation." Do you agree? State any *three* reasons in support of your answer. 3

''विकेन्द्रीकरण, अधिकार अंतरण के समान नहीं है।'' क्या आप सहमत हैं? अपने उत्तर के समर्थन में किन्हीं **तीन** कारणों का उल्लेख कीजिए।

13. State any *three* objectives of financial planning. 3

वित्तीय नियोजन के किन्हीं **तीन** उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए।

14. Briefly describe the 'societal marketing concept' of marketing. 3

विपणन की 'सामाजिक विपणन अवधारणा' का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

15. What is meant by price? What are the factors involved in fixing the price? 3

मूल्य का क्या अर्थ है? मूल्य निर्धारण के कौन-कौन से तत्त्व हैं?

16. Describe management as a group. 4

एक समूह के रूप में प्रबंध का वर्णन कीजिए।

17. State any *four* points of relationship between planning and controlling. 4

नियोजन तथा नियन्त्रण के मध्य सम्बन्ध के किन्हीं **चार** बिन्दुओं का उल्लेख कीजिए।

18. State any *four* objectives of National Stock Exchange of India. 4

भारतीय राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज के किन्हीं **चार** उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए।

19. Briefly explain the following documents used in external trade : 4

(a) Shipping order

(b) Shipping bill

बाह्य व्यापार में उपयोग किए जानेवाले निम्नलिखित प्रपत्रों को संक्षेप में समझाइए :

(क) जहाजी आदेश

(ख) जहाजी बिल

20. "The necessity of adopting measures to protect the interest of consumers arises mainly due to the helpless position of the consumers." In the light of this statement, explain any *four* points in favour of consumer protection. 4

''उपभोक्ताओं की असहाय स्थिति के कारण उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए उपायों की आवश्यकता होती है।'' इस कथन के प्रकाश में उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए किन्हीं **चार** बिन्दुओं को समझाइए।

21. Explain the significance of the principles of management. 5

प्रबंध के सिद्धान्तों के महत्त्व को समझाइए।

22. Describe the steps in the process of organizing. 5

संगठन प्रक्रिया के चरणों का वर्णन कीजिए।

23. Explain the advantages of stock exchanges to the society. 5

समाज को शेयर बाजार के लाभों को समझाइए।

24. What is meant by product? Describe the various types of products on the basis of use. 5

उत्पाद का क्या अर्थ है? उपयोग के आधार पर विभिन्न प्रकार के उत्पादों का वर्णन कीजिए।

25. What is meant by external trade? Briefly explain the different types of external trade. 5

बाह्य व्यापार का क्या अर्थ है? विभिन्न प्रकार के बाह्य व्यापार को संक्षेप में समझाइए।

26. "Managers should see that everybody in the organization understands its objectives and works in cooperation with others to active these objectives." Identify the function of management mentioned in this statement and explain its characteristics. 6

''प्रबंधकों को देखना चाहिए कि संगठन का प्रत्येक व्यक्ति इसके उद्देश्यों को समझता है तथा उन उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु दूसरों के सहयोग से कार्य करता है।'' इस कथन में दिए गए प्रबंध के कार्य की पहचान कीजिए तथा इसकी विशेषताओं को समझाइए।

Or / अथवा

"Management is both science and art." Explain.

''प्रबंध विज्ञान तथा कला दोनों है।'' समझाइए।

27. "It refers to the process of choosing the most suitable persons from the list of interested candidates." Identify the process and briefly explain the steps involved in this process. 6

''यह ऐसी प्रक्रिया है जिसके अन्तर्गत इच्छुक अभ्यर्थियों में से सबसे योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाता है।'' प्रक्रिया की पहचान कीजिए तथा इस प्रक्रिया में निहित चरणों को संक्षेप में समझाइए।

Or / अथवा

"A supervisor works at the lowest level of management and performs certain special functions." Describe briefly such functions.

''एक पर्यवेक्षक प्रबंध के निम्न स्तर पर कार्य करता है तथा कुछ विशेष कार्यों को पूरा करता है।'' ऐसे कार्यों का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

28. "The amount of working capital required varies from business to business and from period to period." In the light of this statement, briefly explain the various factors that influence working capital requirement of a business. 6

''कार्यशील पूँजी की आवश्यकता एक व्यवसाय से दूसरे व्यवसाय एवं एक समय से दूसरे समय के लिए भिन्न-भिन्न होती है।'' इस कथन के संदर्भ में किसी व्यवसाय की कार्यशील पूँजी को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारकों का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

Or / अथवा

"Money market does not deal in cash or money as such but simply provides a market for credit instrument." Explain any *three* such instruments.

''मुद्रा बाजार नक़दी या मुद्रा में लेन-देन नहीं करता बल्कि यह साख प्रलेखों के लिए बाजार उपलब्ध कराता है।'' ऐसे किन्हीं **तीन** प्रलेखों को समझाइए।

29. "Advertising media are the means through which messages regarding products and services are transmitted from the advertising firm to people at whom that product is targeted." Briefly explain any *three* types of media available for the purpose mentioned in this statement. 6

''विज्ञापन के माध्यम वे साधन होते हैं जिनके द्वारा उत्पाद और सेवा संबंधी संदेश, विज्ञापन करने वाली फर्म से लक्षित ग्राहकों तक प्रेषित किए जाते हैं।'' इस उद्देश्य के लिए उपलब्ध विज्ञापन माध्यम के किन्हीं **तीन** प्रकारों को संक्षेप में समझाइए।

Or / अथवा

"A channel of distribution includes both the producer and end users and also the middlemen engaged in the process of transfer of title of goods." In the light of this statement, state any *six* primary functions performed by a channel of distribution.

''एक वितरण के माध्यम में निर्माता और उपभोक्ताओं के साथ-साथ सभी मध्यस्थ भी शामिल होते हैं, जो उत्पाद के स्वामित्व हस्तांतरण की प्रक्रिया में लगे हैं।'' इस कथन के संदर्भ में किसी वितरण माध्यम द्वारा किए जाने वाले किन्हीं **छः** प्राथमिक कार्यों का उल्लेख कीजिए।

30. State the main objectives and salient features of the Consumer Protection Act, 1986. 6

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के मुख्य उद्देश्यों तथा प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

Or / अथवा

"Under this method of distribution the manufacturers bypass the chain of middlemen and approach the consumers directly and sell them the goods and services, without the help of wholesalers and retailers." Identify and explain the method of distribution mentioned in this statement.

''वितरण की इस प्रणाली में विनिर्माता मध्यस्थों की शृंखला को अलग हटाकर उपभोक्ता तक सीधे पहुँचते हैं और बिना थोक विक्रेता और फुटकर विक्रेता की सहायता के उन्हें वस्तुएँ एवं सेवाएँ बेचते हैं।'' इस कथन में उद्धृत वितरण प्रणाली की पहचान कीजिए तथा समझाइए।

OLD

This Question Paper contains **30** questions.
इस प्रश्न-पत्र के अन्तर्गत **30** प्रश्न हैं।

BUSINESS STUDIES
व्यावसायिक अध्ययन
(319)

Time : 3 Hours] [Maximum Marks : 100
समय : 3 घण्टे] [पूर्णांक : 100

Note : (i) This Question Paper consists of *two* Sections, viz., 'A' and 'B'.
(ii) *All* questions from Section 'A' are to be attempted.
(iii) Section 'B' has got more than one option. Candidates are required to attempt questions from *one option* only.

निर्देश : (i) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं—खण्ड 'अ' एवं खण्ड 'ब'।
(ii) खण्ड 'अ' के **सभी** प्रश्नों को हल करना है।
(iii) खण्ड 'ब' में एक से अधिक विकल्प हैं। परीक्षार्थियों को केवल **एक विकल्प** के ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

SECTION–A
खण्ड–अ

1. Name the type of finance required for the purchase of machinery by a steel industry. 1
इस्पात उद्योग द्वारा मशीनरी खरीदने हेतु आवश्यक वित्त के प्रकार का नाम बताइए।

2. What is meant by shipping order in export trade? 1
निर्यात व्यापार में जहाजी आदेशपत्र से क्या अभिप्राय है?

3. What is the aim of exim policy? 1
आयात-निर्यात नीति का क्या उद्देश्य है?

4. Define the term 'profession'. 2
'पेशा' पद को परिभाषित कीजिए।

5. Explain the term 'professional promoter'. 2

'पेशेवर प्रवर्तक' पद को समझाइए।

6. Give any *two* limitations of statutory corporations. 2

सांविधिक निगमों की कोई **दो** सीमाएँ दीजिए।

7. Hinna is working as a production manager with a reputed company. At which level of management is she working? State any *one* function which she would be performing at that level. 2

हिना एक प्रतिष्ठित कम्पनी में उत्पादन प्रबंधक के रूप में कार्यरत है। वह प्रबंध के किस स्तर पर कार्य कर रही है? इस स्तर पर वह जो कार्य कर रही है, उनमें से किसी **एक** का उल्लेख कीजिए।

8. State any *two* advantages of public deposits. 2

सार्वजनिक जमा के किन्हीं **दो** लाभों का उल्लेख कीजिए।

9. Explain in brief the term 'corpus' in relation to mutual funds. 2

म्यूचुअल फंड के संदर्भ में 'एकत्रित राशि' पद की संक्षिप्त व्याख्या कीजिए।

10. "The flow of goods from the producers to the consumers may not be possible without the involvement of salespersons." In the light of this statement, explain the importance of salesmenship to consumers. 2

''उत्पादकों से उपभोक्ताओं तक माल का प्रवाह बिना विक्रयकर्ता के सम्भव ही नहीं है।'' इस कथन के संदर्भ में उपभोक्ताओं हेतु विक्रयकला के महत्त्व का वर्णन कीजिए।

11. Name any *four* standard quality certification marks. 2

किन्हीं **चार** मानक गुणवत्ता प्रमाणक चिह्नों के नाम दीजिए।

12. State any *four* points of importance of transport. 4

परिवहन के महत्त्व के किन्हीं **चार** बिन्दुओं का उल्लेख कीजिए।

13. Explain any *four* points of importance of communication as a business support service. 4

व्यावसायिक सहायक सेवा के रूप में सम्प्रेषण के महत्त्व के किन्हीं **चार** बिन्दुओं को समझाइए।

14. Explain any *four* prominent qualities of a successful entrepreneur. 4

एक सफल उद्यमी के किन्हीं **चार** महत्त्वपूर्ण गुणों को समझाइए।

15. Differentiate between Public Corporations and Government Companies on the basis of—

(a) establishment;

(b) capital;

(c) management;

(d) suitability. 4

सार्वजनिक निगमों एवं सरकारी कम्पनियों में निम्न के आधार पर अन्तर्भेद कीजिए :

(क) स्थापना

(ख) पूँजी

(ग) प्रबंध

(घ) उपयुक्तता

16. Explain in brief the following characteristics of management : 4

(a) Management is universal

(b) Management is intangible

प्रबंध की निम्न विशेषताओं की संक्षेप में व्याख्या कीजिए :

(क) प्रबंध सार्वभौमिक है

(ख) प्रबंध अमूर्त है

17. "Planning is the most important of all the management functions." Give any *four* reasons in support of this statement. 4

''सभी प्रबंधकीय कार्यों में योजना सबसे महत्त्वपूर्ण होती है।'' इस कथन के समर्थन में कोई **चार** कारण दीजिए।

18. Explain in brief the types of mutual fund. 4

म्यूचुअल फंड के प्रकारों का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

19. Generally we presume that wholesaler is one who buys goods from the manufacturers or producers in bulk and sell them to the retailers or consumers directly. But this is not the only characteristic of a wholesaler. There are other characteristics also. State any *four* such characteristics. 4

सामान्यतः हम यह मानकर चलते हैं कि थोक विक्रेता वह होता है जो विनिर्माता अथवा उत्पादक से बड़ी मात्रा में माल का क्रय करता है तथा उन्हें फुटकर विक्रेता अथवा सीधे उपभोक्ता को बेचता है। परंतु थोक विक्रेता की यही एक विशेषता नहीं है अपितु उसकी और भी अन्य विशेषताएँ हैं। ऐसी किन्हीं **चार** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

20. Explain in brief the following rights of consumers : 4

(a) Right to be informed

(b) Right to seek redressal

उपभोक्ताओं के निम्नलिखित अधिकारों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए :

(क) सूचना पाने का अधिकार

(ख) शिकायत निवारण का अधिकार

21. Define e-commerce. State any *four* benefits of it. 6

ई-कॉमर्स को परिभाषित कीजिए। इसके कोई **चार** लाभ बताइए।

22. State *six* common requirements prescribed for registration of a cooperative society. 6

एक सहकारी समिति के पंजीकरण हेतु निहित **छः** सामान्य शर्तें बताइए।

23. Identify and explain the principle being followed in the following cases : 6

(a) Dhanlakshmi Limited has a workforce of 350 employees. Many of them are working in the organization for 12–15 years. It believes that each employee gaining expertise in his/her field and thus does not move its employees from one position to another frequently. As a result, there is congenial atmosphere as well as employee satisfaction.

(b) Stellar Limited is a company making stationery. It started as a small store in Jabalpur, where it was manufacturing the products as well as selling them. As the customer base grew, the company located to a big manufacturing unit in Ajmer so that the Jabalpur store could only be used for retail purposes. Due to increased space, the company is able to stock more products in an efficient way and is thus able to render quick service to its customers. Now, the company has everyone and everything in its place.

निम्नलिखित मामलों में अनुपालित किए गए सिद्धान्त को पहचानिए तथा उसकी व्याख्या कीजिए :

(क) धनलक्ष्मी लिमिटेड के पास 350 कर्मचारियों की कार्यशक्ति है। इनमें से कई कर्मचारी इस संगठन में 12–15 वर्षों से कार्यरत हैं। इसका मानना है कि प्रत्येक कर्मचारी अपने कार्यक्षेत्र में निपुणता प्राप्त कर रहा/रही है तथा इसीलिए वह प्रायः अपने कर्मचारियों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित नहीं करती। परिणामस्वरूप वहाँ सौहार्दपूर्ण वातावरण तथा कर्मचारी संतुष्टि है।

(ख) स्टेलर लिमिटेड स्टेशनरी बनाने वाली एक कम्पनी है। इसने जबलपुर की एक छोटी दुकान से कार्य प्रारंभ किया जहाँ वह उत्पादों के निर्माण के साथ-साथ विक्रय भी करती थी। ग्राहक आधार बढ़ने पर कम्पनी ने अजमेर में एक बड़ी निर्माण इकाई स्थापित की ताकि जबलपुर वाली दुकान केवल फुटकर विक्रय हेतु प्रयोग की जा सके। जगह बढ़ जाने के कारण कम्पनी अधिक उत्पादों का प्रभावी तरीके से भंडारण करने में समर्थ हो गई तथा ग्राहकों को शीघ्र सेवा उपलब्ध कराने लगी। अब कम्पनी में सब कुछ अपने स्थान पर है।

24. State any *six* powers of SEBI. 6

सेबी के किन्हीं **छः** अधिकारों का उल्लेख कीजिए।

25. Nitesh is appointed as a forwarding agent by Kanika Industries, a leading export house. Explain the formalities to be completed by Nitesh in the procedure for exporting goods. 6

एक प्रमुख निर्यात गृह कनिका इंडस्ट्रीज़ द्वारा नितेश को माल लदाने वाले एजेंट के रूप में नियुक्त किया गया है। माल के निर्यात की कार्यवाही में नितेश द्वारा पूर्ण की जाने वाली औपचारिकताओं को समझाइए।

SECTION–B

खण्ड–ब

OPTION–I

विकल्प–I

(Self-employment in Business)

(व्यवसाय में स्वरोज़गार)

26. Write the full form of SSIDC. 1

SSIDC का पूरा नाम लिखिए।

27. Define ancillary industrial undertaking. 2

सहायक औद्योगिक उपक्रम को परिभाषित कीजिए।

28. Explain any *two* factors that should be kept in view while estimating fixed capital requirement. 2

स्थायी पूँजी की आवश्यकताओं का अनुमान लगाते समय ध्यान में रखे जाने वाले किन्हीं **दो** घटकों की व्याख्या कीजिए।

29. State any *four* sources of recruitment. 4

भर्ती के कोई **चार** स्रोत बताइए।

30. State any *six* functions of a travel and tour agency. 6

यात्रा एवं पर्यटन एजेन्सी के किन्हीं **छः** कार्यों का उल्लेख कीजिए।

OPTION–II

विकल्प–II

(Wage Employment in Business)

(व्यवसाय में नौकरी)

26. Explain office environment. 1

कार्यालय पर्यावरण को समझाइए।

27. Mention any *two* points of significance of office setup. 2

कार्यालय संरचना के महत्त्व के कोई **दो** बिन्दु बताइए।

28. Explain any *two* basic functions of a modern office. 2

आधुनिक कार्यालय के किन्हीं **दो** आधारभूत कार्यों का वर्णन कीजिए।

29. State any *four* characteristics to be kept in mind to have a proper layout of the office for ensuring effectiveness of office operations. 4

कार्यालय प्रचालनों की प्रभावोत्पादकता सुनिश्चित करने हेतु आदर्श कार्यालय विन्यास बनाते समय ध्यान में रखी जाने वाली कोई **चार** विशेषताएँ बताइए।

30. Explain any *six* objectives of office mechanisation. 6

कार्यालय मशीनीकरण के कोई **छः** उद्देश्य बताइए।

★ ★ ★